तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 27 सितंबर 2025



स्वच्छता ही सेवा अभियान : जिले के अमृत सरोवरों में सामूहिक श्रमदान





## अपने पार्षद की नहीं सुन रही शहर सरकार, ट्रांसपोर्टनगर बना कचरा डंपिंग यार्ड

# गंदगी, दुर्गंध और बीमारी से नर्क बना जीवन, मोहल्लेवासी परेशान

आक्रोशित क्षेत्रवासी आज रोकेंगे कचरा गाड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रामपुर के बाद नगर निगम ने ट्रांसपोर्टनगर को बीते 5 सालों से कचरा डंपिंग यार्ड बना दिया है। जिससे यहां के रहवासियों का जीवन गंदगी और दुर्गंध से नर्क बन गया है। इतना ही नहीं यहां के बच्चे, बुजुर्ग लगातार बीमार भी पड़ रहे हैं। जिससे क्षेत्रवासियों में काफी आक्रोश नजर आ रहा है। इन 5 सालों में कई बार स्थानीय लोगों ने कमिश्नर, महापौर से शिकायत की, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। यहां तक कि वार्ड के बीजेपी पार्षद ने भी महापौर से गुहार लगाई, लेकिन अपनी ही सरकार में उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में शनिवार को क्षेत्रवासी नगर निगम की कचरा गाड़ी रोक कर प्रदर्शन करेंगे।

दरअसल ट्रांसपोर्टनगर बस स्टैंड के पीछे नगर निगम की ही अंबेडकर कॉलोनी है, जहां करीब 400 लोग सालों से निवास करते आ रहे हैं। बस स्टैंड से लगा यह क्षेत्र भी कभी स्वच्छ हुआ करता था, लेकिन इसको पूर्व शहर सरकार व निगम प्रशासन के अधिकारियों की नजर लग गई। उनके द्वारा रामपुर से कचरा डंपिंग यार्ड को हटा कर यहां शिफ्ट कर दिया गया, उस वक्त जब स्थानीय लोगों ने विरोध किया तो जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने कुछ माह के लिए अस्थायी तौर पर कचरा डंप करने की बात कही और फिर इस जगह को स्थायी रूप से ही कचरा डंपिंग यार्ड बना दिया गया। तब से लेकर अब तक पूरे शहर का कचरा यहां फेंका जा रहा है और लोग इसका दंश झेलते आ रहे हैं। इस तरह स्थानीय निवासियों का जीवन नर्क बन गया है। सड़े-गले कचरों की गदंगी, दुर्गंध के बीच मवेशियों के जमावड़े से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। शहर में सत्ता परिवर्तन होने के बाद भी यहां के लोगों की जिंदगी नहीं बदल सकी है। शहर में भाजपा सरकार व वार्ड पार्षद भी भाजपा के होने के बावजूद इनकी सुनने वाला कोई नहीं है। स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार शिकायत और ज्ञापन देने के बाद भी निगम प्रशासन और शहर के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है, जिससे आक्रोशित क्षेत्रवासी शनिवार को यहां कचरा फेकने आने वाली नगर निगम की गाड़ी को रोक कर प्रदर्शन करेंगे। उनकी मांग है कि तत्काल प्रभाव से ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में कचरा फेंकना बंद किया जाए और इसके लिए शहर से बाहर किसी वैकल्पिक स्थान की व्यवस्था की जाए।

### शहर का पहला ट्रांसपोर्टनगर शहरी गोठान कचरे से पटा

इसी स्थान पर एक गोठान भी है जोकि शहर का पहला शहरी गोठान है। यहां एक भी गाय तो नहीं है पर पूरा गोठान सिंगल यूज प्लास्टिक व अन्य कचरों से पटा हुआ है। स्थानीय लोगों ने कहा कि चुनाव के समय जनप्रतिनिध हाथ जोड़कर वोट मांगने तो आते हैं, लेकिन काम निकल जाने के बाद उनके दर्शन दुर्लभ हो जाते हैं।

### हर मौसम में सहमें रहते हैं लोग

स्थानीय लोगों ने बताया कि कचरों के ढेर से उठने वाली बदबू इतनी असहनीय है कि यहां रहना मुश्किल हो गया है। चूंकि उनके पास और न तो कोई दूसरा आशियाना है ना ही ठिकना इसलिए जैसे-तैसे जी रहे हैं। गंदगी के कारण मच्छर और मक्खियों का प्रकोप भी बढ़ गया है। लोग बीमारियों से लगातार जूझ रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों की हालत सबसे ज्यादा खराब रहती है। डेंगू, मलेरिया और पेट संबंधी रोगों का डर यहां हर मौसम में बना रहता है।

हमारी परेशानियों को सब दरकिनार कर रहे हैं। हमने आयुक्त और महापौर दोनों को कई बार ज्ञापन सौंपा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हर दिन कचरे के ढेर और बदबू से हमारी जिंदगी नर्क बन गई है।

**राजू महंत**
स्थानीय निवासी

गंदगी की वजह से मोहल्ले में हर दिन कोई न कोई बीमार रहता है। मच्छरों का आतंक इतना है कि परिवार का कोई भी सदस्य स्वस्थ नहीं रह पाता। इलाज कराने में भी आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

**पूरब दास**
स्थानीय निवासी

निगम प्रशासन तभी जागेगा जब यहां लोग बीमारियों से मरने लगेंगे। हमारी तकलीफें किसी को नजर नहीं आ रही हैं। हम साल से चुप हैं, लेकिन अब सहनशीलता की सीमा टूट चुकी है।

**हरि पटेल**
स्थानीय निवासी

करीब दो माह पहले मैनें महापौर से ट्रांसपोर्टनगर से कचरा डंपिंग हटाने की मांग की थी, तब उन्होंने कहा था कि जल्द ही इसे अन्यत्र स्थान में शिफ्ट कराएंगे। एक बार फिर मैं महापौर से मिलकर उनसे निवेदन करूंगा।

**उसत भट्ट**
बीजेपी पार्षद वार्ड क्रमांक 42

पहले अगर स्थानीय लोगों ने कचरा डंपिंग यार्ड को अन्य शिफ्ट करने के लिए ज्ञापन दिया है तो इस बारे में मुझे पता नहीं है। आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है, मैं इस मामले को दिखवाता हूं।

**बृजेश सिंह क्षत्रिय**
कमिश्नर, नगर निगम, रायगढ़

# रात में खेतों में घुसे हाथी, 29 किसानों की फसलों को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में एक बार फिर से हाथियों ने किसानों की फसलों को रौंदकर बर्बाद कर दिया है। गुरुवार को रात के अंधेरे में हाथी खेतों में घुसे और सुबह तक 29 किसानों की फसल को चौपट कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर विभाग नुकसानी के आंकलन में जुट गया है। दरअसल धरमजयगढ़ वन मंडल में 127 हाथी अलग-अलग रेंज में विचरण कर रहे हैं। गुरुवार की रात हाथियों का दल खेतों में पहुंच गया और 18 किसानों की फसल को रौंद दिया। यहां सबसे अधिक छाल रेंज के बंगरसुता और पोढ़ी में 10 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा बाकारूमा रेंज के जमाबीरा में 4, रैरुमा तेजपुर में 2 और बोरो रेंज के बताती में 2 किसानों की फसल बर्बाद हो गई। इसी तरह रायगढ़ वन मंडल की बात करें तो 11 किसानों की फसल को हाथियों ने नुकसान पहुंचाया है। जिसमें जुनवानी गांव के कन्हैया लाल मैत्री, हरिहर मैत्री, लोचन प्रसाद मैत्री, सुकवारो उरांव, सुधनी बड़ा, नंदू मिंज, सुशील मालाकार, अश्वनी मालाकार, उमेश मालाकार, नेहरू यादव और करुणासागर मालाकार की फसल शामिल है।

### तेज आवाज सुनकर भी नहीं भाग रहे हाथी

हाथियों का दल जब खेतों में पहुंचता है और इसकी जानकारी ग्रामीणों व हाथी मित्र दल को होती है। तब उन्हें खेतों से भगाने के लिए कई तरह की तेज आवाजें निकाली जाती है, इसके बाद भी हाथी वहीं डटे रहते हैं और सुबह होने के बाद वापस जंगल की ओर जाते हैं। हाथियों के द्वारा जिन किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, उसका आंकलन जारी है। ताकि मुआवजा की प्रक्रिया पूरी की जा सके। वहीं हाथी प्रभावित गांव में मुनादी भी कराई गई है और ग्रामीणों को अकेले जंगल की ओर जाने से मना किया जा रहा है।






## खबर संक्षेप

### बुनगा के गढाईन देवी मंदिर में चल रहा नवरात्रि



**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र के रियासतकालीन ग्राम बुनगा में सदियों से स्थापित गढाईन देवी मंदिर प्रांगण में नवरात्रि के प्रारंभ से ही मां भगवती की भव्यमुर्ति स्थापना कर पूजा अर्चना प्रारंभ हो चुकी है, जहां इन दिनों ग्राम बुनगा को मां भगवती के दिव्य दरबार में लग रहे धुप, दीप सुवासित कर रहा है। वहीं चढ़े हुए नैविद्य ग्रहण कर लोगों में उल्लासम वातावरण का संचार हो रहा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस सचिव आकाश मिश्रा ने अपने ग्राम में चल रहे इस नवरात्रि उत्सव पर बताया कि गांव में इस तरह दुर्गा पूजा पिछले 21 साल से हो रहे हैं। जिसमें श्रद्धालुजन स्वमेव इसमें सम्मिलित होते हैं और इसे सफल बनाने स्वस्फुर्त ही अपनी-अपनी सहभागिता का चयन कर लेते हैं। जिससे निर्वाद गति से यह उत्सव जारी है। बताया जाता है कि ग्राम बुनगा में स्थापित गढाईन देवी मंदिर रियासतकालीन है चूंकि मंदिर की बनावट ही कुछ इस तरह का है। इस पर कई किंवदंतिया भी कही जाती है।

### फ्लाईऐश डंप करने के चक्कर में रोड का खस्ताहाल



**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम टपरदा के बाजार के पास क्षेत्र के लगभग 30 ग्रामों को पेयजल आपूर्ति कराने लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग द्वारा एक विशाल संयत्र स्थापित किया जा रहा है। उसके ठीक सामने टार के करीब की खाली भूमि में फ्लाईऐश डंप किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इसके लिए फ्लाईऐश सप्लाई करने वाले ने पंचायत से परमिशन ली है। वहीं ग्रामीणजनों के अनुसार परमिशन जिन बिन्दुओं के तहत दी जाती है उसका उल्लेख कहीं नहीं है। जिस भूमि में डंप किया जा रहा है वह गहरा होने से उसे पाटने की सहमति दी गई है। जो वर्तमान स्थिति में 20 प्रतिशत ही पट पाया है और इसके लिए जितने वाहनों का आना जाना हुआ है इसमें रोड का इतना खस्ताहाल हो गया है कि बाईक सवार लोगों का भारी तकलीफ का सामना करना पड रहा है। टपरदा के छाया सरपंच विनोद चौधरी इस संबंध में कुछ कहने से गुरेज किया, लेकिन तथाकथित आधार पर फ्लाईऐश डंप को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश है।

### भालू के हमले में युवक गंभीर



**जशपुरनगर।** पत्थलगांव के कपू क्षेत्र के पारेमार गांव में एक यूवक भालू के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया है ।युवक फसल को भालू से बचाने के लिए खेत में आग। लगने गया था, ताकि आग के डर से भालू खेतों में लगी फसल को नुकसान न पहुंचा सके। हमला कर घायल करने के बाद भालू ने युवक को मारा हुआ समझ उसे छोड़ चला गया जिससे युवक की जान बच सकी। घायल युवक का सिविल अस्पताल पत्थलगांव में इलाज जारी है।

### परिजन के लिए 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कांसाबेल तहसील अंतर्गत ग्राम गरईबंध, निवासी स्व. उज्जवल भगत का कुआं के पानी में डूबने से 22 जनवरी 2014 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पिता उजयनाथ भगत हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## नवरात्रि पर देवी मंदिरों में उमड़ रहे श्रद्धालु

# शिवशक्ति मंदिर में आरती, लगी भक्तों की भीड़

कछार शिवशक्ति मन्दिर में नवरात्र पर माता की आरती में शामिल होने श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। कछार मन्दिर में नवरात्र के दिन जैसे जैसे बढ़ रहे है। तो भक्तो की संख्या लगातार बढ़ रही है। कछार मन्दिर अपने मनोकामना और खुशहाली पाने के लिए प्रचलित है। शिवशक्ति मन्दिर के अध्यक्ष निरंजन यादव ने बताया कि लगात भक्ति भाव से पूजा झरने वाले भक्तों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है जो आगे और बढ़ेगी मन्दिर समिति के सदस्य इसमें अपनी सहभगिता दे रहे है। रात्रि माता की रसोई कछार शिवशक्ति मन्दिर का मुख्य प्रसाद है। जिसके लिए दूर दूर से भक्त रोजाना माता रानी के मंदिर में आकर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

बनारस से पूजन कराने आये चंद्रवेश्वर मिश्रा ने बताया कि नवरात्रि में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है।

जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इस देवी की आठ भुजाएं हैं, इसलिए अष्टभुजा कहलाईं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है। संस्कृति में कुम्हड़े को कुष्मांड कहते हैं इसलिए इस देवी को कुष्मांडा। इस देवी का वास सूर्यमंडल के भीतर लोक में है। सूर्यलोक में रहने की शक्ति क्षमता केवल इन्हीं में है। इसीलिए इनके शरीर की कांति और प्रभा सूर्य की भांति ही दैदीप्यमान है। इनके ही तेज से दसों दिशाएं आलोकित हैं। ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में इन्हीं का तेज व्याप्त है।







### पंडालों में विराजीं मां दुर्गा

शहर एवं आस - पास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पूजा पण्डालों में माता की नयनाभिराम प्रतिमाओं की स्थापना कर उनकी पूजा अर्चना की जाती है। ऐसे में चैतन्य देवियों की स्थापना लोगों के लिए नवीनतम और आलौकिक अनुभव है। चैतन्य देवियों का दर्शन लाभ लेने के लिए लोगों की भारी भीड़ संस्थान के रायगढ़ रोड स्थित केंद्र पर उमड़ रही है। यहां परंपरागत ढंग से माता की आरती भी की जाती है जिसमें स्थानीय लोग श्रद्धापूर्वक शामिल होते हैं। संस्थान की संचालिका नीलू बहन ने बताया कि चैतन्य देवियों की झांकियों का आयोजन 22 सितंबर को नवरात्र के साथ ही प्रारंभ हो चुका है और नवरात्र के सभी नौ दिनों तक सायं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक इसका नियमित रूप से आयोजन किया जाता रहेगा।



### चैतन्य देवियों की झांकियां बनीं श्रद्धा का केंद्र

प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित चैतन्य देवियों की झांकियां लोगों की श्रद्धा का केंद्र बन गई हैं। प्रतिदिन भारी संख्या में लोगों की भीड़ चैतन्य देवियों को देखने के लिए संस्थान के रायगढ़ रोड स्थित केंद्र पहुंच रही है। ब्रम्हकुमारी बहनों के द्वारा अपनी योग शक्ति के बल पर माता शक्ति के विभिन्न रूपों को धारण किया जाता है। ब्रम्हकुमारी बहनें अपनी योग शक्ति के बल पर अपने शरीर को पूरी तरह स्थिर कर लेती हैं यहां तक कि उनकी पलकें भी नहीं झपकतीं। नवरात्र के दौरान माता की प्रतिमा की स्थापना कर उनकी आराधना करना भारतीय संस्कृति की पुरातन परंपरा है।



## बाढ़ आपदा मॉकड्रील प्रदर्शन में कंपनियों के योगदान

**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र के महानदी तट में बसे ग्राम सिंगपुरी व चंघोरी में बाढ़ आपदा से कैसे राहत पाया जाए इस तथ्य के मद्देनजर एक राज्य स्तरीय प्रदर्शन मॉकड्रील के रूप में किया गया। जिसमें जिले के शीर्शस्थ अधिकारियों के साथ साथ तहसील स्तर के अधिकारी व संबंधित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण शामिल हुए।

वहीं उक्त प्रदर्शन को मुर्तरूप देने जिले के नामवर उद्योगों में से अडानी पावर लिमिटेड से नटवरसिंह अपने 10 लोगों के जत्थे के रेस्क्यु और फायर टीम के साथ शामिल हुए। इसी तरह जिन्दल से राधा मोहन बेहरा 4 फायर रेस्क्यु टीम के साथ, इन्ड्स एनर्जी से दीपक नामदेव 4 फायर रेस्क्युटीम के साथ, मां काली उद्योग लिमिटेड से एके श्रीवास्तव अपने 6 सिक्योरिटी टीम के साथ तथा मां शारदा एनर्जी मिनरल से शिशिररथ अपने 3 रेस्क्यु टीम के साथ शामिल



हुए और समुचे प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। सर्वप्रथम उक्त प्रदर्शन ग्राम चंघोरी में हुआ जहां यहां के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र जेना, सरपंच उमेश जेना ने अपने टीम के लोगों के साथ आए हुए उक्त लोगों का यथोचित स्वागत किया और प्रदर्शन प्रारंभ हुआ जिसमें कई तरह के डेमो दिखाए गए। साधारणतः आपदा के समय लोग अपने जरूरत के सामग्री को रखना भूल जाते हैं इस तथ्य के मद्देनजर कार्यक्रम के लीड अधिकारी ज्वाइन डायरेक्टर ने यह अनुभव कराया कि ऐसे समय में धैर्य के साथ आवश्यक सामग्री साथ में होनी चाहिए जिसमें से एक मेगाफोन हो सकता है चूंकि इससे संवादहीनता से बचा जा सकता है। ज्ञात हो कि उक्त कार्यक्रम राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह मंत्रालय भारत सरार नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ राज्य आपदा प्राधिकारण राजस्व एवं अपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला अपदा प्रबंधकन प्रधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

## जिला न्यायालय में आयोजित हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण रिफ्रेशर ट्रेनिंग

**रायगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्रधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्षए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन एवं न्यायाधीश सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार के मार्गदर्शन में आज जिला न्यायालय रायगढ़ के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण रिफ्रेशर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

रिफ्रेशर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन नालसा के दिशा.निर्देश के आधार पर विशेष रूप से जेल भ्रमण हेतु अधिकृत लीगल एड डिफेंस कौंसिल, प्रतिधारक अधिवक्ता और पैरालीगल वालिंटियर्स के लिए आयोजित की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी जेलों में निरूद्ध बंदियों को निःरूशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने एवं उनके अधिकारों की रक्षा



हेतु एक प्रिजन लीगल एड क्लीनिक की स्थापना किए जाने हेतु हुई है। जिसके परिपालन में 2016 तक सभी राज्यों में प्रिजन लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गई है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन ने जेल भ्रमण को प्राथमिकता देने तथा जेल में बंद बंदियों को समुचित विधिक सहायता प्रदान करने हेतु सभी लीगल एड डिफेंस कौंसिल, प्रतिधारक अधिवक्ता तथा जेल पैरालीगल वालिंटियर को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सजायाप्ता बंदियों के अपील का विशेष रूप से जेल भ्रमण अधिवक्ताओं द्वारा जानकारी लेकर ऐसे बंदियों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए जो विधिक सहायता द्वारा अपना अपील कराना चाहते हैं तथा इस बात का विशेष रूप से ध्यान दिया जाए कि सजायाप्ता बंदी अधिवक्ता के अभाव में अपील से वंचित ना रहे। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए श्रीमती अंकिता मुदलियार मैडम ने नालसा एसओपी का संपूर्ण विवरण प्रशिक्षण के दौरान बताया और जेल में विशेष रूप से महिला जेल भ्रमण कर बंदियों को विधिक सहायता से अवगत कराने हेतु नालसा के योजना के बारे में उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के भीतर सभी जेलों में सचिव, जेल अधीक्षक के साथ मिलकर एक प्रिजन लीगल एड क्लीनिक की स्थापना करने हेतु कहा गयाए जिसके परिपालन में रायगढ़ जिले में भी एक प्रिजन लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गई है। जहां पर बंदी खुलकर बिना किसी संकोच के पहुंच सकते हैं और अपनी बात रख सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रिजन लीगल एड क्लीनिक की कार्यप्रणाली, कार्यदिवस, और बुनियादी ढांचा जैसे एक सुसज्जित कमरा, कम्प्यूटर, इंटरनेट, प्रिंटर, जेल विजिटिंग वकील और पैरालीगल वालिंटियर का नाम और उनके दौरे का कार्यक्रम प्रिजन लीगल एड क्लीनिक के अंदर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होना चाहिए।

## आदिकर्म योगी अभियान के तहत ग्राम बिच्छी नारा में ट्रांजिस्ट वॉक एवं सर्वे



**घरघोड़ा।** आदिकर्म योगी अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिच्छी नारा में एक विशेष ट्रांजिस्ट वॉक का आयोजन कर ग्रामीण जनजीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ संकलित की गईं। इस दौरान गांव के प्रत्येक वार्ड में घर-घर जाकर आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं जनधन खातों की स्थिति का सर्वे किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को चिह्नित कर उन्हें योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ दिलाना है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव करम लाल राठिया, आरएसीएचओ धर्मेंद्र साहू, सरपंच बुधवार सिंह राठिया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, हेडमास्टर माशा बिच्छी नारा सहित आदि कर्म योगी अभियान की विशेष टीम मौजूद रही।

## मान्ग महाविद्यालय खोलने, तहसील व कोसीर को नपं बनाने सौंपा ज्ञापन

**कोसीर।** कोसीर की बहुचर्चित मान्ग आज भी क्षेत्र के लिए सपना या फिर सिर्फ आश्वासन बन कर रह गया है। बता दें कि कोसीर की बहुचर्चित मान्ग महाविद्यालय, उपतहसील की तहसील में उन्नयन और नगर पंचायत बनने की मांग क्षेत्र के लिए एक सपना जैसे लगने लगा है।



जिसके लिए अंचल के जनप्रतिनिधिगण व क्षेत्रवासी लगातार कोशिश व माग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक क्षेत्रवासियों को सिर्फ आश्वासन ही मिल पा रहा है। जबकि लगातार क्षेत्र के जनप्रतिगण अपने-अपने स्तर से उच्च स्तरीय तक ज्ञापन दे चुके हैं। पूर्व में विधायक ने भी पूर्व मुख्यमंत्री को कोसीर में महाविद्यालय व नगर पंचायत बनाने की मांग कर ज्ञापन दे चुके हैं, जिस पर सिर्फ आश्वासन ही मिल पाया है। जबकि कोसीर जनसंख्या के दृष्टिकोण से बाहुल्य क्षेत्र है। इस क्षेत्र में हाईस्कूल के लगभग 1300 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जो कि हायर सेकन्डरी स्कूल पार कर महाविद्यालय की पढ़ाई के लिए दूर दराज होने के कारण पढ़ाई बाध्य हो जाती है। जिसके कारण स्थिति परिस्थिति को ध्यान में रखकर यदि महाविद्यालय हो जाती है तो लोगों को काफी सुविधाएं मिलेगी और गरीब छात्र-छात्राएं को अपनी पढ़ाई के लिए बाध्य नही होना पढ़ेगा। महाविद्यालय के लिए लगातार उठ रही मांग को लेकर बिते दिन कोसीर मंडल युवा मोर्चा व मीडिया प्रभारी अभिषेक पटेल ने भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति पटेल के माध्यम से कोसीर की बहुचर्चित मान्ग महाविद्यालय व नगर पंचायत बनाने को लेकर सारंगढ विलाईगढ प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा को आवेदन देकर ज्ञापन सौपा, जिस पर प्रभारी मंत्री ने आश्वासन दिया है।

## तारापुर में मनाया एनएसएस स्थापना दिवस




**रायगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तारापुर में एनएसएस के ज़िला संगठक और विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य भोजराम पटेल के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी व्याख्याता मंजू पटेल के नेतृत्व में 24 सितंबर को एनएसएस स्थापना दिवस सादगीपूर्ण किंतु गरिमामय कार्यक्रम के माध्यम से मनाया गया। विदित हो कि 24 सितम्बर 1969 को राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की स्थापना महात्मा गांधी जी के जन्म शताब्दी वर्ष में हुई थी जिसका आदर्श वाक्य मैं नहीं आप गांधीजी के विचारों से प्रेरित है। एनएसएस युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित एक एक केंद्रीय योजना है जिसका उद्देश्य स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व विकास व चरित्र का निर्माण करना है।

स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यार्थियों को एनएसएस की महत्ता और इसकी समाज में आवश्यकता की जानकारी दी गई। तत्पश्चात एनएसएस के स्वयंसेवकों और शिक्षकों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न नारों के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया गया साथ ही एन एस एस की उपयोगिता की जानकारी ग्रामजनों को दी गई। रैली के पश्चात विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया जिसमें एनएसएस संबंधी प्रश्न पूछे गये। सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ व्याख्याता व एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी मंजू पटेल की विशेष सहभागिता रही। साथ ही कार्यक्रम में विद्यालय से व्याख्याता चंद्रशेखर पटेल, फ़णेद्र पटेल, ज्योति देवांगन, पीटीआई विनीता श्यामलाल पटेल के साथ माध्यमिक खंड से शिक्षक सुधाबाला नायकए मनोज पटेल, वंदना यादव सहा. शिक्षक विज्ञान रामेश्वर डनसेना, रीता चौहान कार्यालयीन स्टाफ़ से रोशन बिंदए सरिता पटेल के साथ एनएसएस के स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही। ज्ञात हो कि विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य व एनएसएस की ज़िला संगठक भोजराम पटेल को 24 सितंबर को एनएसएस के 56वें स्थापना दिवस के अवसर पर पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव से के कर कमलों से एनएसएस के श्रेष्ठ ज़िला संगठक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस बात पर विद्यालय स्टाफ एवं एनएसएस परिवार में विशेष हर्ष का भाव देखा गया।

## जिला भाजपाध्यक्ष ने कहा मंडल की बैठक में पदाधिकारियों से किया आह्वान

# सेवा पखवाड़े में आयोजनों के जरिए आम जनता के मध्य जाए कार्यकर्ता : दीवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने जिला भाजपा के समस्त नव नियुक्त पदाधिकारियों एवम मण्डल के समस्त अध्यक्षो की एक बैठक के पदाधिकारियों को कहा सेवा पखवाड़ा के तहत पार्टी के पदाधिकारी आम जनता के मध्य जाए और सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी दे।

जिला अध्यक्ष ने उक्त बैठक में पार्टी के सेवा पखवाड़ा को लेकर चल रही गतिविधियों का समीक्षा करते हुए आगामी गतिविधियों से अभी पदाधिकारियों को अवगत कराया।अरुण धर ने सभी पदाधिकारीयो से आग्रह करते हुए कहा कि आप सभी अपने दायित्वों के निर्वहन में 100 प्रतिशत योगदान देते हुए एक लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करे।निर्धारित लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने पर हमें इसमें सफलता निश्चित ही



प्राप्त होगी। जिला अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने भाजपा के आगामी कार्यक्रमो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आगामी दिनों में आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी रिफॉर्म्स और सांसद खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर कार्यक्रम होने है। इस दौरान 3 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक प्रेस कांफ्रेंस 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक वक्ता कार्यशाला, महिला एवं युवा सम्मेलन 16 अक्टूबर से 30 अक्टूबर के मध्य 1 नवंबर से 15 नवंबर तक कॉलेज स्तरीय स्वेदेशी संकल्प सेमिनार, 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्वदेशी मेला, 1 से 25 दिसंबर तक आत्म निर्भर भारत संकल्प रथ एवं पदयात्रा, मंडल स्तर पर 15 अक्टूबर से 15 नवंबर मंडल सम्मेलन, 16 नवंबर से 30 नवंबर तक महिला एवं युवा सम्मेलन, 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक स्ट्रीट वेंडर छोटे दुकानदार एवं स्थानीय कारीगर सम्मेलन एवं संपर्क होगा आत्मनिर्भर भारत का कार्यक्रम नवंबर तक चलने है, जबकि जीएसटी रिफार्म के कार्यक्रम 22 अगस्त तक चलेंगे। सांसद खेल कूद प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए अध्यक्ष ने कहा कि यह कार्यक्रम भी पार्टी का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जो 25 दिसंबर को समाप्त होगा।



# श्रीराम पर बनेगी एनिमिटेड फिल्म, कुणाल-मौनी देंगे आवाज

**मुंबई।** भगवान श्रीराम पर बन रही एनिमेटेड फिल्म महायोद्धा राम का निर्माताओं ने एलान कर दिया है। साथ ही घोषणा की गई है कि कुणाल कपूर और मौनी रॉय इसमें अपनी आवाज देंगे। इतना ही नहीं, मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी है। मेकर्स ने गुरुवार के दिन एनिमेटेड फिल्म 'महायोद्धा राम' का ऐलान किया है। इस फिल्म में कई दिग्गज एक्टर्स अपनी आवाज देंगे। फिल्म में श्रीराम की आवाज कुणाल कपूर बनेंगे, तो जिमी शेरगिल भगवान लक्ष्मण की आवाज देंगे। इसके अलावा माता सीता की आवाज मौनी रॉय बनेंगी और लंकाधिपति रावण की दमदार आवाज को गुलशन ग्रोवर देंगे।

## लाइफ Style



# श्रद्धा

अभिनेत्री श्रद्धा श्रीनाथ की अपकमिंग थ्रिलर वेब सीरीज 'द गेम: यू नेवर प्ले अलोन' रिलीज होने के लिए तैयार है। इसका ट्रेलर मेकर्स ने गुरुवार को जारी कर दिया। यह नेटफ्लिक्स की पहली तमिल सीरीज है। यह सीरीज एक ऐसी कहानी बयां करती है, जहां वर्चुअल और वास्तविक दुनिया की सीमाएं धुंधली हो जाती हैं।

## द गेमः यू नेवर प्ले अलोन का ट्रेलर जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यह न केवल एक थ्रिलर है, बल्कि इसमें पारिवारिक रिश्तों की जटिलताएं, विश्वास का संकट और तकनीक के अनियंत्रित होने का डर भी शामिल है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे एक गेम में लिया गया हर फैसला असल जिंदगी में गंभीर परिणाम ला सकता है। यह कहानी दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगी जब आपका बनाया हुआ खेल ही आपके खिलाफ हो जाए, तो क्या होगा? अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर बनी इस सीरीज को राजेश एम. सेल्वा ने निर्देशित किया है। उन्होंने सीरीज को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, द गेम के जरिए मैं उन चीजों को पर्दे पर सबके सामने लाना चाहता था, जो हमारी बनाई दुनिया और असल जिंदगी को अलग करती है। यह एक हाई-वोल्टेज थ्रिलर है, जिसमें पारिवारिक ड्रामा और रिश्तों के बीच उलझनें भी देखने को मिलेंगी। उन्होंने आगे कहा, आज के डिजिटल जमाने में कुछ भी वर्चुअल नहीं रहता है। स्क्रीन पर होने वाली घटनाएं अक्सर असल जिंदगी को प्रभावित करती हैं, और इसके परिणाम हमारे नियंत्रण से बाहर हो सकते हैं। हर मुखौटे के पीछे एक सच्ची कहानी छिपी है, और इस सच्चाई का सामना करना ही कहानी की ताकत है।

## हॉलीवुड मसाला



# रिहाना ने किया बच्चे का स्वागत

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर रिहाना तीसरी बार मां बन गई हैं। उन्होंने यह खुशखबरी बृहस्पतिवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए दी। उन्होंने पोस्ट के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपनी बेटी को गोद में लिए हुए नजर आ रही हैं। उन्होंने बच्चे का नाम रॉकी आयरिश मेयर्स रखा है। रिहाना ने 2022 में अपने बॉयफ्रेंड रॉकी के साथ अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। अगस्त 2023 में उन्होंने अपने दूसरे बच्चे को जन्म दिया। अब, 2025 में, उन्होंने अपने तीसरे बच्चे के जन्म का ऐलान किया है।



# सामने आया मार्वल के वुल्वरीन का ट्रेलर

**लॉस एंजिल्स।** लंबे इंतजार के बाद स्पाइडर-मैन 2 फेम इनसोम्नियाक गेम्स ने मार्वल के वुल्वरीन की पहली झलक जारी कर दी है। यह एक सिंगल प्लेयर फ्रैंचाइजी होगी, जिसमें स्पाइडर-मैन सीरीज के गेम्स जैसे ही मैकेनिक्स और गेमप्ले होंगे। अब इस गेम का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर से ये साफ है कि इस गेम में जबरदस्त हिंसा और क्रूरता नजर आने वाली है। ट्रेलर ने ये साफ कर दिया है कि इसमें भयंकर युद्ध होने वाला है। साथ ही इसमें कुछ नए चेहरों के साथ पुराने चेहरे भी नजर आएंगे। यह गेम 2026 में खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध होगा। सटीक तारीख अभी भी तय नहीं हुई है। ट्रेलर में जबरदस्त एक्शन और खूनी संघर्ष देखने को मिला है। दर्शक यहां लोगान के एडामेंटियम पंजों को कुछ वीभत्स एक्शन में देख सकते हैं।



# 68वीं फिल्म दायरा की शुरू की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान, जो 25 साल से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में हैं। उन्होंने अपनी 68वीं फिल्म 'दायरा' की शूटिंग शुरू कर दी है। जिसकी एक खास झलक करीना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। करीना कपूर ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' के पहले दिन की शूटिंग की झलक शेयर की। फिल्म 'दायरा' का निर्देशन मेघना गुलजार कर रही हैं। इस फिल्म में करीना के अलावा साउथ अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन पुलिस अफसर के किरदार में नजर आएंगे। 'दायरा' एक क्राइम-ड्रामा थ्रिलर फिल्म है, जो आज के समाज की जटिलताओं को दिखाती है। यह अपराध, सजा और न्याय के बीच के संघर्ष को उजागर करती है।



# उज्जैन में भस्म आरती में शामिल हुए संजय

**मुंबई।** गुरुवार सुबह बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त ने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में नवरात्रि उत्सव के दौरान भस्म आरती में भाग लिया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। संजय दत्त ने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन किए। जहां वे साधारण पारंपरिक पोशाक में अन्य भक्तों के साथ भक्ति में डूबे दिखे। संजय को मंदिर के नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती करते हुए देखा गया। संजय दत्त हाल ही में फिल्म 'बागी 4' में नजर आए, जिसमें टाइगर श्रॉफ, हरनाज संधू और सोनम बाजवा भी अहम भूमिका में थे। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। उनकी अगली फिल्म 'धुरंधर' होगी, जिसमें रणवीर सिंह, आर. माधवन और अक्षय खन्ना जैसे सितारे हैं। यह एक जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जो एक गुप्त एजेंट की कहानी पर आधारित है।

## टीवी मसाला




# एलिस इन बॉर्डरलैंड का तीसरा सीजन रिलीज

**मुंबई।** लोकप्रिय जापानी सीरीज 'एलिस इन बॉर्डरलैंड'का तीसरा सीजन गुरुवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुका है। फैंस के लिए सबसे ज्यादा खुशी की बात ये है कि इस हिट जापानी साइंस-फिक्शन सीरीज के सभी एपिसोड एकसाथ रिलीज हुए हैं। यानी गुरुवार से सारे एपिसोड नेटफ्लिक्स पर मौजूद हैं। अब फैंस को इस शो के अलग-अलग एपिसोड के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इस सीजन में कुछ छह एपिसोड हैं। दिसंबर 2022 में रिलीज होने वाली इस सीरीज का दूसरा सीजन एक रोमांचक मोड़ पर खत्म हुआ था। जब उसागी (ताओ त्सुचिया) और अरिसु (केंटो यामाज़ाकी) किसी तरह वास्तविक दुनिया में वापस आने में कामयाब रहे। जहां दोनों अपने भविष्य को लेकर खुश दिख रहे थे, वहीं कैमरा एक जोकर कार्ड की ओर घूम गया। रिपोर्ट के अनुसार, सीजन 3 में वे शादीशुदा हैं और खेलों की उनकी यादें मिट चुकी हैं। लेकिन अंततः उन्हें वापस उस भयावह दुनिया में ले जाया जाएगा। एलिस इन बॉर्डरलैंड हारो असो के इसी नाम के मांगा (कॉमिक्स) पर आधारित है। चूंकि दूसरा सीजन मांगा की कहानी के साथ समाप्त होता है, इसलिए निर्देशक शिंसुके सातो और उनकी टीम ने सीरीज के तीसरे सीजन के लिए स्क्रिप्ट से हटकर काम किया है। नए सीजन की कहानी समय के साथ आगे बढ़ेगी क्योंकि दोनों सितारे, उसागी और अरिसु, अब खुशहाल शादीशुदा जिंदगी जी रहे हैं।

## रामलीला में पुनीत का नया अवतार

**नई दिल्ली।** नवरात्रि का त्योहार आते ही देशभर में रामलीला का रंग चढ़ जाता है। हर साल लोग इस पल का बेसब्री से इंतजार करते हैं, जब



रामलीला मंचन होता है और बड़े-बड़े सितारे अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लेते हैं। ऐसे ही एक अभिनेता अयोध्या की रामलीला में एक अलग ही अंदाज में नजर आए हैं। अयोध्या में राम लीला हो रही है, जिसमें पुनीत इस्सर परशुराम का किरदार निभा रहे हैं। परशुराम का किरदार निभा रहे पुनीत ने मीडिया से इस बारे में बात की। उन्होंने कहा- बहुत ही बढ़िया लगा, मैं ईश्वर का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे ये सुअवसर प्राप्त करवाया कि मैं रामलला की पावन धरती पर आया हूं और मुझे रामलीला में परशुराम का किरदार निभाने का सौभाग्य मिला है। मैं तो बस ये समझता हूं कि सनातन धर्म की सेवा में ये मेरा छोटा सा योगदान है। दिल्ली की रामलीला तो पहले से ही काफी मशहूर है, लेकिन इस बार अयोध्या की रामलीला पर भी सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।

# जान्हवी ने वरुण, सान्या के साथ संस्कारी अंदाज में मनाई नवरात्रि

*मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने नवरात्रि का उत्सव पारंपरिक अंदाज में शुरू किया और इसकी तस्वीरें साझा कीं। उनके साथ उनकी आने वाली फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के सह-कलाकार वरुण धवन, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ और मनीष पॉल भी नजर आए। जान्हवी कपूर ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के अपने को-स्टार्स के साथ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में वरुण, रोहित, सान्या और खुद जान्हवी पारंपरिक स्टाइलिश कपड़ों में नजर आ रहे हैं। जान्हवी ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'हैप्पी नवरात्रि संस्कारी स्टाइल।' पहली तस्वीर में सभी साथ में पोज देते*



*दिखे। बाती तस्वीरों में जान्हवी अकेले और वरुण और सान्या के साथ मुस्कुराते हुए नजर आईं। हाल ही में फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का रोमांटिक गाना 'तू है मेरी' रिलीज हुआ, जिसे सचेत-परंपरा ने गाया और बनाया, जबकि बोल कौसर मुनीर ने लिखे। शशांक खेतान के निर्देशन में बनी यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फिल्म में वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, अक्षय ओबेरॉय और मनीष पॉल मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।*

# नवरात्रि में 45 सालों से इस देवी गीत की रहती है धूम...



**मुंबई।** 80 के दशक की ब्लॉकबस्टर फिल्म आशा के भजन 'तूने मुझे बुलाया शेरावालिये' के बिना नवरात्रि फीकी लगती है। 21 मार्च 1980 में नवरात्रि के मौके पर रिलीज की गई इस फिल्म में यूं तो जितेंद्र -रीना रॉय की जोड़ी थी, लेकिन इस भजन को जितेंद्र और टी रामेश्वरी पर फिल्माया गया था। इस फिल्म में रामेश्वरी ने जितेंद्र की ऑनस्क्रीन वाइफ की भूमिका निभाई थी, लेकिन जितेंद्र और रीना रॉय की जोड़ी हिट हो गई थी। जे ओम प्रकाश के निर्देशन में 1980 में बनी फिल्म आशा को लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने संगीत से सजाया था। प्रसिद्ध भजन को एक बार मोहम्मद रफी ने तो एक बार नरेंद्र चंचल ने गाया था। माता रानी पर बनाए गए इस भजन की कशिश 45 साल भी बरकरार है।

## ज्यादातर फिल्मों में होती है हैप्पी एंडिंग, दर्शक हो जाते हैं खुश

# एक साल में आईं वो 3 ब्लॉकबस्टर फिल्में, जिनका लास्ट देख चकराया दिमाग

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कुछ फिल्में ऐसी भी बनीं जिन्होंने भारतीय सिनेमा को अलग पहचान बनाई। इन फिल्मों का लास्ट सीन इतनी चालाकी से लिखा गया कि बड़े-बड़े मूवी लवर्स भी नहीं समझ पाए। 90 फीसदी दर्शकों ने बार-बार लास्ट सीन देखा और जवाब तलाशने की कोशिश की, लेकिन मन में आए सवालों के जवाब नहीं मिले। कई दर्शकों ने अपना माथा पकड़ लिया। हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी खासियत यही है कि फिल्म के अंत में सब कुछ ठीक हो जाता है। ज्यादातर फिल्मों में हैप्पी एंडिंग होती है। सभी दर्शक लास्ट सीन देखकर खुश हो जाते हैं। लेकिन, बॉलीवुड में कुछ फिल्में ऐसी भी बनीं जिनका लास्ट सीन 90 फीसदी दर्शकों की समझ में नहीं आया। इन फिल्मों ने अपने कंटेट से पूरी दुनिया में भारतीय सिनेमा को अलग पहचान भी दिलाई। ये फिल्में थीं - अंधाधुन, स्त्री और तंबड़। इन फिल्मों का लास्ट सीन सस्पेंस से भरा हुआ था। लास्ट सीन में इतने परतें थी कि दर्शकों सोचने को मजबूर हुए। थिएटर्स से बाहर आने के बाद लास्ट सीन की अपने-अपने ढंग से व्याख्या की। फिल्म के लास्ट सीन ने कई सवाल छोड़े थे। क्या आकाश अंधा है, क्या सच में उसे कुछ नहीं दिख रह, क्या वो अंधा होने का नाटक कर रहा है, कुछ ऐसे सवाल थे, जिनको लेकर दर्शकों के बीच बहस छिड़ रही।*

### अंधाधुन

सबसे पहले बात करते हैं 5 अक्टूबर 2018 में आई अंधाधुन फिल्म की। यह एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म थी। फिल्म में दिखाई गई स्टोरी दर्शकों की सोच से एक कदम आगे की थी। फिल्म एक ब्लाइंड पियानो प्लेयर आकाश की कहानी को दिखाती है जो अनजाने में एक मर्डर का गवाह बन जाता है। चालाक पत्नी सिमी और उसका पुलिस इंस्पेक्टर प्रेमी मर्डर करते हैं। फिल्म के लास्ट सीन में आकाश यूरोप के एक शहर में बैठा होता है। उसके साथ उसकी प्रेमिका बैठी होती है, जिसे वह कहानी का लास्ट सीन बता रहा होता है। वह खुद को बेचारा साबित करने की कोशिश करता है और सिमी को विलेन बताता है। लेकिन, दिलचस्प बात यह है कि आकाश फिल्म खत्म होने से ठीक पहले रोड पर पड़ी स्टिक से कैन को दूर हटा देता है। इससे साबित होता है कि वो ब्लाइंड नहीं है। फिल्म के डायरेक्टर श्रीराम राघवन ने ऐसी एंडिंग रखी थी कि फिल्म खत्म हो जाने के बाद दर्शक सोचने को मजबूर हुए कि आखिर हुआ क्या था. फिल्म में एक डायलॉग भी था कि 'कुछ चीजें अधूरी होकर भी पूरी लगती हैं।' फिल्म अधूरी होते हुए भी पूरी लगती है। श्रीराम राघवन को सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों का मास्टर कहा जाता है। उन्होंने 2004 में एक हसीना से बतौर डायरेक्टर डेब्यू किया था।

**स्त्री** : 31 अगस्त 2018 में ही एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री आई थी। फिल्म में राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी, अपरिक्षित खुराना और अभिषेक बनर्जी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म का डायरेक्शन अमर कौशिक ने किया था। फिल्म में गांव की एक ऐसी कहानी को सामने रखा गया था, जिसमें एक चुड़ैल गांव के मर्दों के पीछे पड़ जाती है। जो भी मर्द उसकी ओर से देखता है, उसे गायब कर देती है। फिल्म में एक विकी नाम का टेलर था। चुड़ैल से विकी का प्यार भी दिखाया जाता है। फिल्म के लास्ट



में दिखाया जाता है कि श्रद्धा कपूर चुड़ैल की चोटी निकालकर अपने बालों में जोड़ लेती है। फिर बस से गायब हो जाती है। फिल्म के इस लास्ट सीन ने दर्शकों का दिमाग घुमाकर रख दिया था। यह सीन दर्शकों को समझ नहीं आया था। स्त्री फिल्म की कहानी एक सच्ची घटना से प्रेरित थी। 90 के दशक में बेंगलुरु के पास ग्रामीण इलाकों में प्रचलित थी। लोग बताते थे कि एक महिला रात में गलियों में अपने पति को खोजते हुए घूमती है। घर से मर्दों को उठाकर अपने साथ ले जाती है।

### तुम्बाड़

2018 में ही एक और सस्पेंस थ्रिलर फिल्म सिनेमाघरों में आई थी जिसे मास्टरपीस माना जाता है। यह फिल्म थी तुम्बाड़। यह फिल्म पौराणिक कथाओं पर आधारित थी। पूर्ति की देवी और हस्तर की कहानी को सामने रखा गया था। हस्तर इंसान के लालच का फायदा उठाकर उसका शिकार करता था। फिल्म में विनायक राव नाम का एक कैरेक्टर है जो तुम्बाड़ गांव में किले के नीच खुदाई करता है। वह अपने बेटे को भी अपने साथ ले जाता है। फिल्म के लास्ट सीन में देखने को मिलता है कि विनायक का बेटा उससे भी ज्यादा लालची निकलता है। वो आटे की गुड़िया लेकर आता है ताकि ज्यादा से ज्यादा खजाना निकाल सके। कहनी में शॉकिंग ट्विस्ट तब आता है जब आटे की हर गुड़िया से एक हस्तर जन्म लेता है। ऐसे में विनायक आटे की बची हुई गुड़िया खुद से बांधकर रस्सी के सहारे वहां से भागने की कोशिश करता है। सारे हस्तर उसकी ओर बढ़ते हैं। अपने बेटे की जान बचाने के लिए विनायक खुद को हस्तर के श्राप में फंसा देता है। उसका पूरा शरीर जल जाता है। विनायक हस्तर से पोटली चुराकर अपने बेटे की ओर फेंकता है लेकिन उसका बेटा समझ जाता है कि लालच बुरी बला है। वो विनायक को जलाकर श्राप से मुक्ति देता है। लालच का मोह त्याग देता है।

खबर संक्षेप

## डकैती की बड़ी साजिश नाकाम, चार गिरफ्तार

**राउरकेला।** उदित नगर पुलिस ने मालगोदाम स्थित रेलवे साइडिंग के पास डकैती की योजना को विफल कर दिया। सुबह लगभग 5.05 बजे उपनिरीक्षक स्मृतिरंजन नायक और गश्ती दल को विश्वसनीय सूचना मिली कि कुछ असामाजिक तत्व क्षेत्र में राहगीरों, घरों, दुकानों और पेट्रोल पंपों को निशाना बनाने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा और चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया, जबकि अन्य भागने में सफल रहे। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बंटी उर्फ मोहम्मद परवेज पिता मोहम्मद तबरेज़ 22 वर्ष, वार्ड नं.10, मालगोदाम मस्जिद के पास उदित नगर, मोहम्मद अरबाज पिता मोहम्मद अलाउद्दीन 23 वर्ष वार्ड नं.10, मालगोदाम, मस्जिद के पास मुना मंडल 22 वर्ष पिता बिष्णु मंडल, स्वीपर बस्ती, मालगोदाम और नेपाली उर्फ सुरेंद्र चौधरी 23 वर्ष पिता चित्रसेन चौधरी, स्वीपर बस्ती मालगोदाम के रूप में हुई है। पुलिस ने तलाशी के दौरान लकड़ी के हत्थे वाला चाकू, भुजाली, लोहे के रॉड, फेस मास्क, खाली बियर की बोतलें, जली हुई सिगरेट और माचिस की डिब्बी जब्त की है।

## पावर कंपनी कैंप से 1.5 करोड़ रुपए की लूट

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले में पावर कंपनियों को निशाना बनाने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है। बीती रात लाहुनिपाड़ा थाना क्षेत्र के दारजिंग में एक पावर कंस्ट्रक्शन कंपनी के कैंप में हिंसक डकैती हुई। यह कैंप ऑफशोर कंस्ट्रक्शन कंपनी का था, जो एक इलेक्ट्रिक सब स्टेशन का निर्माण कार्य कर रही थी। गुरुवार रात लगभग 20-22 सशस्त्र डकैतों ने अचानक धावा बोल दिया। उन्होंने कंपनी के कर्मचारियों पर हमला कर उन्हें बांध दिया और करीब 1.5 करोड़ रुपए मूल्य के कॉपर वायर व अन्य उपकरण लूट ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही लाहुनिपाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। खास बात यह है कि 21 सितम्बर को इसी कंपनी की एक अन्य साइट कुटरा में भी इसी तरह की हथियारबंद डकैती हुई थी। राउरकेला और सुंदरगढ़ पुलिस दोनों घटनाओं की संयुक्त रूप से जांच कर रही हैं।

## सभापति ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

**कोसीर।** जिला पंचायत सदस्य व सभापति संतोषी अरविंद खटकर इस समय काफी सक्रिय पूर्वक क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। क्षेत्र के विकास को लेकर आए दिन भाजपा के दिग्गज नेताओं से मिलकर चर्चा कर रही हैं और ज्ञापन देकर विकास की मांग कर रही हैं। बीते दिन भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति पटेल, जिला महामंत्री दारिका प्रसाद साहू व जिला मंत्री भाजपा सारंगढ़ रेवती चन्द्रा के साथ रायपुर पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव जी से सौजन्य मुलाकात की और अपने क्षेत्र की विकास के लिए चर्चा व मांग की।

## श्रद्धांजलि



**खरसिया।** भाजपा नेता ईश्वर गबेल के माता एवं युवा नेता मनोज गबेल की दादी मां स्व. ताराबाई गबेल जी को उनके निवास स्थान औरदा पहुंच कर उनके छायाचित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रविन्द्र गबेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी राठिया, धर्म जागरण प्रांत संयोजिका मातृ शक्ति अंजू गबेल, जिला कार्यसमिति सदस्य भूपेन्द्र वर्मा, ज़ोंबी मंडल अध्यक्ष छेदू राम राठिया, ज़ोंबी मंडल प्रभारी जयप्रकाश डनसेना, महिपाल सिंह पंकज, दीपक यादव, राकेश धृतलहारे, साथियों सहित उपस्थित रहे।

### ग्रामवासियों ने सरोवर स्थलों की सफाई कर जल और पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

# स्वच्छता ही सेवा अभियान : जिले के अमृत सरोवरों में सामूहिक श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज जिले के 102 अमृत सरोवर स्थलों पर स्वच्छता ही सेवा स्वच्छोत्सव थीम के अंतर्गत एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता श्रमदान राष्ट्रीय अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले भर में सामूहिक स्वच्छता श्रमदान के माध्यम से अमृत सरोवरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया गया।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत राज्य कार्यालय आयुक्त, महात्मा गांधी नरेगा, तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिले में अभियान का संचालन सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में हुआ।

सहायक परियोजना अधिकारी नरेगा राजेश शर्मा के नेतृत्व में सभी अमृत सरोवर स्थलों पर स्वच्छता कार्य किया गया। इस अवसर पर गांव के सरपंच, सचिव, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक, महिला समूहों के सदस्य और ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एक दिन, एक घंटा, एक साथ की भावना के साथ आयोजित इस राष्ट्रीय अभियान में अमृत सरोवर स्थलों पर सामूहिक श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता कार्य किए गए। प्रतिभागियों ने सरोवर परिसरों की साफ.सफाई, कचरा निस्तारण और पर्यावरण संरक्षण के लिए एकजुट होकर कार्य किया। ग्रामवासियों ने न केवल सरोवरों को स्वच्छ किया, बल्कि जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्प भी लिया। इस दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरक संदेश, जैसे स्वच्छता अपनाएं, स्वस्थ जीवन पाएं और अमृत सरोवर.स्वच्छता और समृद्धि का आधार, ग्रामवासियों के बीच प्रसारित किए गए। सहायक परियोजना अधिकारी राजेश शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता केवल एक कार्य नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है।

### जल संसाधनों को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी

अमृत सरोवर जैसे महत्वपूर्ण जल संसाधनों को स्वच्छ रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता हैए बल्कि ग्रामीण समुदायों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सामुदायिक एकता को भी मजबूत करता है। जिला प्रशासन ने इस अभियान को निरंतरता प्रदान करने की योजना बनाई है। आगामी दिनों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए और अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## जीवनदीप समिति की बैठक में अस्पताल की व्यवस्था सुधारने चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया



सिविल हॉस्पिटल खरसिया परिसर में 25 सितंबर को जीवनदीप समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक दानदाता कमल अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.व्हीएस राठिया एवं पार्षद अरूण चौधरी तथा अन्य चिकित्सा कर्मचारियों की उपस्थिति में सपन्न हुई। उक्त बैठक में सिविल हास्पीटल खरसिया जो कि सौ बेड वाला अस्पताल है जिसकी सुविधाएं भी 100 बेड वाला हो इस पर चर्चा की गई है। इस दौरान अस्पताल परिसर में बने 6 बेड वाले पोस्ट आपरेटिव वार्ड का भी उदघाटन किया गया। विदित हो कि सिविल हास्पीटल खरसिया जहां पूर्व में खरसिया विकासखण्ड के अलावा आस पास अन्य विकास खंडो जैसे धरमजगढ़, मालखरौदा, सक्ती, डभरा, जैजेपुर के लोग अपना इलाज कराने आते थे। किंतु विगत कुछ अरसे से उक्त हास्पीटल रिफर सेंटर में तब्दील हो गया था। जिसे पुनः पटरी में लाने हेतु जीवन दीप समिति द्वारा नगरवासियों एवं अधिकारियों की लगातार बैठके की जा रही है। इसी क्रम में 25 सितंबर को भी एक बैठक नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग के अध्यक्षता में आयोजित किया गया है। उक्त बैठक में सिविल हास्पीटल खरसिया जो कि सौ बेड वाला अस्पताल है जिसकी सुविधाएं भी 100 बेड वाला हो इस पर चर्चा की गई है। इस दौरान अस्पताल परिसर में बने 6 बेड वाले अपोस्ट आपरेटिव वार्ड का भी उदघाटन किया गया। हुए इस बैठक में दानदाना कमल अग्रवाल, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. व्हीएस राठिया, डॉ. दिलेश्वर पटेल, पार्षद अरूण चौधरी, पत्रकार संतोष यादव, सुनील अग्रवाल विद्या चौहान, ज्योति अग्रवाल, रतन राठौर, अस्पताल स्टाफ से सौरभ सिंह ठाकुर, रवि राठौर, सुमति लोहा, रविकांत खुटे, पुलिस चौकी खरसिया के प्रधान आरक्षक मरावी, आरक्षक मुकेश यादव सहित अन्य नागरिकगण एवं चिकित्सा स्टाफ उपस्थित रहे।



## रामचंडी मंदिर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**सरिया।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर नगर एवं अंचल का एकमात्र रणेश्वर रामचंडी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। वैदिक रीति रिवाज व मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना के लिए सुबह से देर रात तक श्रध्दालु उमड़ रहे है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान भी हो रहे हैं। इस बार मंदिर प्रशासन द्वारा आरती के पश्चात रात के समय प्रतिदिन भंडारा का आयोजन किया गया है। साथ ही साथ लाइट एवं साउंड की विशेष व्यवस्था होने पर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहे हैं। माता रानी के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय में रहता है। बीती रात एक दिव्यांग महिला भक्त ने माता रानी का नाम लेकर जयकारे लगाए। जिसमें सभी श्रद्धालुओं का ध्यान उनकी ओर आकर्षित हुआ। 26 वर्षीय दोनों आंख से दिव्यांग प्रसिद्ध कलाकार इंदु गुप्ता जन्मांध होने के कारण माता सरस्वती उनके कंठ में वास करती है। ऐसी भावना के साथ उनके द्वारा प्रस्तुत भजन संध्या दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। बीती रात रामचंडी मंदिर में इंदु गुप्ता के भजन संध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। उनके साथ उपमा पंडा एवं जगन्नाथ कीर्तन मंडली सिहा पुसौर की शानदार धार्मिक अनुष्ठान प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कोलता समाज के आंचलिक सभा अध्यक्ष बताया कि शादीय नवरात्र के अवसर पर 44 ग्रामों के लोग यहां पर माता रानी के दर्शन के लिए आ रहे हैं। साथ ही साथ अनेक ग्रामों के लोग जुगाड़ यात्रा के साथ पूजा पाठ की सामग्री लेकर पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी हमेशा अलर्ट मोड में है। ताकि किसी को कोई परेशानी ना हो।

## टीबी मरीजों के लिए पोषण आहार वितरित

**रायगढ़।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत के नेतृत्व में रायगढ़ जिले के विकासखंड धरमजयगढ़ में टीबी मरीजों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इस अभियान के अंतर्गत एसईसीएल रायगढ़ द्वारा निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को गोद लिया गया और उन्हें नियमित दवाइयों के साथ अतिरिक्त पोषण आहार वितरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छाल के सहयोग से किया गया।

## शहर के समग्र विकास के लिए भाजपा नेताओं का प्रस्ताव

### आरएसपी की अनुपयोगी भूमि सरकार को सौंपने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला



शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए भाजपा नेता रमेश अग्रवाल और शशांक जेना ने डीपीआर तैयार कर आरएसपी के डीआईसी केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम और सुंदरगढ़ जिलापाल को भेजा है। इसमें आग्रह किया गया है कि आरएसपी की अनुपयोगी भूमि को ओडिशा सरकार को हस्तांतरित कर राउरकेला के चहुमुखी विकास के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने कदम उठाए जाए।

केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने भी पत्र लिखकर आरएसपी व जिलापाल से इस मामले में आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया है। प्रस्ताव में उल्लेख है कि आरएसपी सीमा के भीतर दशकों से अनुपयोगी पड़ी भूमि का आने वाले 20 वर्षों में भी उपयोग की संभावना कम है। इसलिए इसे सार्वजनिक हित और शहरी विकास में लगाया जाए। प्रस्तावित परियोजनाओं में हनुमान वाटिका चौक से देवगां एनएच 143 तक नई सड़क का निर्माण, हनुमान वाटिका चौक से ट्रैफिक टावर तक भूमि का उपयोग, डीपीएस चौक सेक्टर 13 मार्ग के किनारे भूमि का हस्तांतरण, स्टॉक यार्डों का स्थानांतरण, औद्योगिक पार्क का विकास और बिसरा चौक से बंडामुंडा तक सड़क का व्यवस्थित उपयोग शामिल है। भाजपा नेताओं का कहना है कि यदि इन सुझावों को लागू किया जाता है तो राउरकेला में भूमि और बुनियादी ढांचे से जुड़ी दीर्घकालिक समस्याओं का समाधान होगा। इससे न केवल लंबित विकास परियोजनाएं आगे बढ़ेंगी बल्कि रोजगार, औद्योगिक निवेश और शहरी विस्तार को भी नई दिशा मिलेगी। यह पहल ग्रेटर राउरकेला के विज़न को साकार करने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

## राउरकेला मुख्य मार्ग पर फटा पाइप, हजारों लीटर पानी सड़क पर बहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला



शहर के मुख्य मार्ग हरियाणा भवन के पास शुक्रवार सुबह अचानक पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन फट गई। तेज प्रेशर से पानी इतनी मात्रा में बहने लगा कि सड़क किनारे मानो नाला बहता हुआ दिखाई दिया। इस वजह से मुख्य मार्ग पर सुबह से ही अफरा तफरी का माहौल रहा। घटना सुबह व्यस्त समय में हुई जब स्कूल जाने वाले बच्चे, दफ्तर जाने वाले लोग और बाजार की ओर जाने वाले राहगीर सड़क से गुजर रहे थे। पैदल चलने वालों पर बाइकों और गाड़ियों से छपाक कर गंदा पानी गिरता रहा, जिससे लोगों को भारी असुविधा हुई। दुकानदारों के अनुसार तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहन राहगीरों पर पानी की छींटें उड़ा रहे थे, जिससे कई लोग भीग गए और उनकी जरूरी वस्तुएं भी खराब हो गईं। स्थानीय नागरिकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पाइप फटने के कारण हजारों लीटर पीने का पानी बेकार बह रहा है। एक ओर शहर में कई इलाकों में पानी की आपूर्ति नियमित नहीं रहती वहीं दूसरी ओर विभागीय लापरवाही से बहुमूल्य जल संसाधन सड़कों पर व्यर्थ हो रहा है। लोगों ने पीएचडी विभाग के अधिकारियों और मरम्मत कर्मचारियों से तत्काल कार्रवाई कर पाइपलाइन को ठीक करने की मांग की है। उनका कहना है कि टूटी पाइपलाइन को काटकर नया जॉइंट लगाने में देरी की गई तो न केवल पानी की बर्बादी बढ़ेगी बल्कि मुख्य मार्ग पर यातायात और आम जनजीवन भी प्रभावित होगा।

## राम राज्य नहीं होने से जनता सोने की लंका के लाभ से वंचित रही : सवन्नी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के बाद संगोष्ठी के शुभारंभ के पूर्व मंचस्थ अतिथियों वक्ताओं का स्वागत किया गया। पंडित दीनदयाल के आदर्शों को आत्मसात कर उनके बताए मार्ग का अनुशरण करने वाली भाजपा के वरिष्ठ नेता क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने कहा पंडित दीन दयाल की जयंती पर उनके विचारो से कार्यकताओं को अवगत कराते हुए कहा पंडित दीन दयाल ने कहा था कि राम राज्य के अभाव में जनता रावण के सोने की लंका के लाभ से वंचित रही। भूपेंद्र सवन्नी रायगढ़ भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती की संगोष्ठी में कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। भाजपा की यात्रा दहाई अंकों से शुरू हुई विचारों के सहारे शुरू हुई इस यात्रा के लिए पूर्ण बहुमत की सरकार तक पहुंचने की भावपूर्ण यात्रा का जिक्र करते हुए भाजपा नेता ने कहा पंडित दीनदयाल के विचारों का अनुशरण करते हुए भाजपा अंतिम व्यक्ति तक सरकार की सेवाएं पहुंचाने के लिए सतत प्रयत्नशील है। माननीय मोदी जी के जन्मदिन को भी सेवा पखवाड़े के रूप में मनाए जाने का जिक्र करते हुए कहा सेवा पखवाड़े का उद्देश्य अंतिम व्यक्तियों तक रक्तदान, सफाई अभियान, पौधरोपण, फिटनेस हेतु मैराथन दौड़ जैसी योजनाओं से लाभ पहुंचाना ही है। दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीतिज्ञ, एकात्म मानववाद विचारधारा के प्रस्तावक रहे। पंडित जी की सोच रही कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए, जिसमें सद्भाव, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो। स्वदेशी की प्राथमिकता रखते हुए वह विश्व स्तर पर हो रहे नवाचारों को अपनाने के भी कतई खिलाफ नहीं थे। पंडित जी के सपनो का भारत बनाने मोदी सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों पर भी प्रकाश डाला। भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि श्दीनदयाल जी का एकात्म मानववाद राष्ट्र जीवन का आदर्श है। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा में लाने का विचार रखा था। सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऐसे विरले राजनीतीज्ञ रहे जिन्होंने विचारों के जातीय भारतीय राजनीति की दशा दिशा बदली। दीनदयाल से विद्वेष रखने वाले ये भूल गए कि शरीर नष्ट किए जाने से विचार नष्ट नहीं हो सकते। विचार तो आत्मा की तरह अविनाशी अमर है। उनके विचारों को अपनाकर ही भाजपा आज यहां तक पहुंची है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा दाई है। जिला भाजपा अध्यक्ष अरुणधर दीवान ने कहा भाजपा के लिए सत्ता पाना लक्ष्य नहीं बल्कि सत्ता के जरिए अंत्योदय की सेवा मूल लक्ष्य है और पंडित दयाल जी की इसी प्रेरणा को अपना कर भाजपा मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा का आयोजन कर अंतिम व्यक्तियों गाल पहुंचने का प्रयास करती है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में मना नवरात्रि उत्सव

**घरघोड़ा।** डीएवी पब्लिक एनटीपीसी में नवरात्रि उत्सन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय को आकर्षक रूप से सजाया गया था।

सभी विद्यार्थी भारतीय वेशभूषा में उत्साहित हो कर उपस्थित हुए थे, विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा देवी स्तुति गीत के साथ इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत के विभिन्न प्रांतों क्षेत्रों में नवरात्रि पर्व की विशेषता एवं मनाए जाने का महत्व को संक्षिप्त रूप से बताया गया। विद्यार्थियों द्वारा इस अवसर पर गरबा नृत्य किया गया। अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया गया।

## पाली महाविद्यालय में विश्व नदी दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**कोरबा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पुष्प राज लाजरस के मार्गदर्शन पर विश्व नदी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 1 सीजी बटालियन कोरबा के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सेंथिल कुमार के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स ने दावन नदी सैला के तट पर स्वच्छता अभियान चलाकर नदी संरक्षण का संदेश दिया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का विषय हमारी नदियां, हमारी ज़िम्मेदारी रहा। कैडेट्स ने पोस्टर, चित्रकला और कविता के माध्यम से नदियों के महत्व व संरक्षण पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
पेट एवं लीवर रोग विभाग
- दर्दरहित इण्डोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, इण्डोस्कोपिक-सोनोग्राफी एवं ई.आर.सी.पी. का एडवांस सेंटर
- गैस, कब्जियत, पेट दर्द, उल्टी, ज्वाइंडिस (पीलिया), एनीमिया
- लीवर एवं एल्कोहल जनित रोगों हेतु ICU सुविधा (प्लास्मा फेरेसिस सुविधा के साथ)
- पैनक्रियाटायटिस एवं इन्फ्लामेट्री बोवेल डिसीज का उच्च स्तरीय उपचार
- पैनक्रियास, लीवर, पेट, आंत एवं गॉल ब्लेडर आदि के कैंसर की एडवांस सुविधा

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. भाविक शाह
Dr. NB (Gastro), MRCP-SCE, UK (Gastro), MNAMS
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

PRP/GFC
तकनीक ब्दारा
गंजेपन का ईलाज
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
28 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
16 दिसंबर 2025
16 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411